**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 2206 जिसका उत्तर

**शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025/21 अग्रहायण, 1947 (शक)** को दिया जाना है

**चिदंबरनार पत्तन पर हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक परियोजना**

**† 2206. श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु में वी.ओ. चिदंबरनार (वीओसी) पत्तन पर हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक परियोजना स्थापित करने के उद्देश्य क्या हैं; और

(ख) उक्त परियोजना के अपेक्षित परिणाम क्या हैं?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख)** वीओसी पत्तन पर हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक परियोजना का उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन या इससे प्राप्त गौण उत्पादों के लिए एक बंकरिंग सुविधा बनाना है ताकि इसे पोत परिवहन क्षेत्र में प्रदर्शित करके हरित ईंधन के उपयोग के चरणबद्ध विकास में सहायता की जा सके। यह हरित ईंधनों के लिए पुन:ईंधन भरने की सुविधाएं प्रदान करके अंतरराष्ट्रीय और घरेलू समुद्री मार्गों पर चलने वाले जलयानों को सहायता करता है। इस परियोजना के प्रत्याशित परिणामों में $CO_2$ उत्सर्जन में पर्याप्त कमी और हरित ईंधन और संबंधित सेवाओं के विनिर्माण और भंडारण में कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरी के अवसरों का सृजन शामिल है।

*****